Amar Ujjala
Page - 2
Date :- 12 July 2008

# एनआईटी एक्ट में संशोधन की तैयारी में सरकार

**कदम**

**आईआईएसईआर को मिल जाएगी मान्यता**

**संशोधन का ड्राफ्ट अर्जुन सिंह के पास भेजा**

**नई दिल्ली।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) में पढ़ाई कर छात्रों के लिए अच्छी खबर है। इन संस्थानों को जल्द ही सरकार से मान्यता मिलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) एक्ट में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। संशोधन का ड्राफ्ट तैयार कर मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह के पास भेज दिया गया है। उनकी स्वीकृति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया आरंभ होगी।

कोलकाता तथा पुणे के आईआईएसईआर में वर्ष 2006 से तथा मोहाली में 2007 से पढ़ाई चल रही है। लेकिन, अभी तक संस्थानों को मान्यता नहीं मिल सकी है। हालांकि संस्थानों की ओर से बढ़ते दबाव के चलते मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) एक्ट में संशोधन करने का मन बनाया है। सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ते हुए संशोधन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इस एक्ट में आईआईएसईआर को भी शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि किसी भी संस्थान की स्थापना के बाद उसका एक्ट बनाना जरूरी होता है। मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों के अनुसार पहले आईआईएसईआर के लिए नया एक्ट बनाने की योजना थी लेकिन इसमें ज्यादा समय लग रहा था।